**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 10 सितम्बर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को साइबर हेल्पलाइन- 1930 प्रभावी एवं उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए सम्मानित किया।**
- **भारतीय जनता पार्टी ने आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमरीका यात्रा के दौरान सिख समुदाय पर की गई कथित टिप्पणी के लिए उनकी कड़ी आलोचना की।**
- **भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की।**

  **पिहोवा विधानसभा सीट से अब जय भगवान शर्मा चुनाव लड़ेंगे।**
- **हरियाणा में आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया ।**
- **हरियाणा में पोषण माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक डॉ० मोनिका मलिक ने कहा कि पोषण अभियान के बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।**

  **************************************************************************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को साइबर हेल्पलाइन- 1930 के देशभर में सबसे प्रभावी तथा उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर उनके

साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर ममता सिंह भी मौजूद थी ।इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक ने साइबर हेल्पलाइन 1930 की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार पूरे समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।यह समारोह ' भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र I4C के प्रथम स्थापना दिवस समारोह एवं साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख कार्यक्रमों के शुभारंभ' अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। समारोह में देशभर के अलग-अलग राज्यों से आए वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। हरियाणा पुलिस को यह पुरस्कार साइबर अपराध नियंत्रण के तीन अलग-अलग पैमानों पर खरा उतरने के चलते दिया गया है। जिसमें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के प्रभावी व उत्कृष्ट प्रबंधन करना , दूसरा महिलाओं तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले साइबर अपराधों में सक्रियता से हस्तक्षेप करते हुए उन्हें रोकने के लिए की जाने वाली त्वरित कार्रवाई और हरियाणा पुलिस द्वारा भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र में साइबर अपराध नियंत्रण के लिए विकसित किए गए अलग-अलग मॉड्यूल में योगदान देना

शामिल है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की गई है।

*****************************************************

******************

केंद्रीय सडक परिवहन एवं  राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में विद्युत वाहनों की बिक्री में महत्वपूर्ण वृद्धि हो रही है और

2030 तक इसकी वार्षिक बिक्री एक करोड होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि विद्युत वाहनों की बिक्री में बढोत्तरी से पांच करोड नौकरियों का सृजन होगा। नई दिल्ली में आजभारतीय ऑटो मोबाइल विनिर्माता सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री गडकरी ने यह भी कहा कि  वित्त वर्ष 2023-24 में चार-पहिया विद्युत वाहनों की बिक्री में 45 प्रतिशत और दो-पहिया विद्युत वाहनों की बिक्री में 56 प्रतिशत वृद्धि हुई है। देश में लगभग 30 लाख विद्युत वाहन पंजीकृत हैं श्री गडकरी ने कहा कि इस अवधि में चार सौ स्टार्टअप ने दो-पहिया विद्युत वाहनों का विनिर्माण शुरू किया है।  उन्होंने ऑटोमोबाइल उद्योग से कहा कि वे नई स्क्रेपिंग नीति केअन्तर्गत पुराने वाहनों की स्क्रेपिंग के लिए नये तरीके तलाशें। श्री गडकरी ने कहा कि देश में तीन करोड वाहनों की परिचालन अवधि समाप्त हो चुकी है लेकिन पर्याप्त स्क्रेपिंग केन्द्र उपलब्ध नहीं हैं।

********************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमरीका यात्रा के दौरान सिख समुदाय पर की गई कथित टिप्पणी पर उनकी कड़ी आलोचना की। श्री गांधी ने कहा कि उनकी लड़ाई इस मुद्दे पर है कि भारत में सिख समुदाय के लोगों को पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस नेता की टिप्पणियों पर आपत्ति व्यक्त की। श्री गांधी की टिप्पणियों को खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि जब

कांग्रेस सत्ता में थी तो समुदाय असुरक्षित महसूस करता था। वर्ष 1984 के सिख दंगों का जिक्र करते हुए श्री पुरी ने राहुल गांधी की आलोचना की। श्री पुरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में सिख समुदाय की मांगों और मुद्दों पर विशेष तौर पर ध्यान दिया है।राहुल गांधी पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए श्री पुरी ने कहा कि वे विपक्ष के नेता के रूप में अमरीका गए हैं, लेकिन वह लगातार देश की कानून व्यवस्था और चुनाव परिणामों की आलोचना कर रहे हैं।

*******************************************************
*******************

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है।आज जारी की गई सूची में पिहोवा से उम्मीदवार बदल दिया गया है, अब वहां से जय भगवान शर्मा चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने नारायणगढ़ से पवन सैनी, पुंडरी से सतपाल जांबा, असंध से योगेंद्र राणा, गन्नौर से देवेंद्र कौशिक और बरौदा से प्रदीप सांगवान को चुनाव मैदान में उतारा गया है। जुलाना से कैप्टन योगेश बैरागी, नरवाना से कृष्ण कुमार बेदी, डबवाली से बलदेव सिंह मांगीयाना, ऐलनाबाद से अमीर चंद मेहता, रोहतक से मनीष ग्रोवर और नारनौल से ओम प्रकाश यादव को टिकट दिया गया है।पार्टी ने बावल से कृष्ण कुमार, नूंह से संजय सिंह, फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद, पुन्हाना से ऐजाज़ खान, हथीन से मनोज रावत, होडल से हरिंदर सिंह राम रतन और बड़खल से धनेश अदलखा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सूची में दो महिला उम्मीदवार भी घोषित किए गए हैं। राई हलके से श्रीमती कृष्णा गहलावत और पटौदी से श्रीमती बिमला चौधरी चुनाव लड़ेंगी। इस

तरह पार्टी ने अब तक 90 में से 87 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं जिनमें 10 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

**************************************************************************

कुरुक्षेत्र ज़िले की पिहोवा विधानसभा सीट से अब जय भगवान शर्मा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी होंगे। बीजेपी द्वारा पिहोवा से पहले घोषित उम्मीदवार कंवलजीत अजराना ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उन्होंने यह फ़ैसला कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते लिया है।आज एक पत्रकारवार्ता में श्री अजराना ने टिकट देने के लिए बी.जे.पी के शीर्ष नेताओं का आभार जताया और कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के विरोध से आहत होकर उन्होंने चुनाव न लड़ने का फ़ैसला लिया है।

**************************************************************************

हरियाणा में आज नामांकन दाखिल करने के पांचवें दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कई प्रमुख प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह ट्रैक्टर चला कर नामांकन दाखिल करने पहुंचे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी उनके साथ मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने सुबह लाडवा में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और बाद में अनाज मंडी में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में उनके साथ कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल, राज्य मंत्री सुभाष सुधा, लाडवा से पूर्व विधायक पवन सैनी व बी जी पी के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। जनसभा के बाद नामांकन से पहले एक रोड शो भी निकाला गया। राज्य मंत्री सुभाष

सुधा ने भी आज थानेसर से नामांकन दाखिल किया। भिवानी में आज बी जी पी प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में नामांकन पर्चा दाखिल किया।उधर तोशाम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी, नलवा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी रणधीर पनिहार और उकलाना विधानसभा क्षेत्र से अनूप धानक ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सोनीपत विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी निखिल मदान ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की मौजूदगी में नामांकन भरा।

************************************************************************

हरियाणा में पहली सितंबर से पोषण माह मनाया जा रहा है। पोषण माह के दौरान विभिन्न स्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रमों का आयोजन कर रक्त की कमी और बच्चों में शारीरिक विकास की जांच की जा रही है।

पोषण माह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जा रहा है।वहीं गोहाना विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जगबीर मालिक द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। नारायणगढ़ हलके से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार हरबिलास सिंह ने अपना नामांकन पत्र भरा जबकि फरीदाबाद से आज छः उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।